# बरघाट में धड़ल्ले से चल रहा अवैध शराब का कारोबार

## एमपी ऑनलाईन शॉप से चलता रहा विदेशी शराब का काला कारोबार, ड्राइवर से शुरू हुई जांच, सरगना पांडे की गिरफ्तारी पर खत्म

**सिवनी नवभारत। बरघाट नगर में वर्षों से दबे-छिपे तरीके से चल रहा अवैध विदेशी शराब का संगठित कारोबार आखिरकार प्रशासन की नजर में आ ही गया,आबकारी विभाग सिवनी के उत्तर वृत्त द्वारा की गई सटीक और रणनीतिक कार्रवाई ने यह साफ कर दिया है कि शराब तस्करी अब केवल छोटे अपराधियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसके तार सीधे कस्बे के प्रभावशाली ठिकानों और व्यवसायिक आड़ से जुड़े हुए हैं।**



### एक कार की तलाशी और खुल गया पूरा खेल

दिनांक 11 दिसंबर 2025 को उत्तर वृत्त आबकारी टीम ने नियमित चेकिंग के दौरान मेहरून रंग की मारुति वैगनआर (एमपी 04 सीएफ 6483) को रोका। वाहन की तलाशी लेते ही टीम के सामने ऐसा नजारा आया जिसने पूरे विभाग को चौंका दिया। कार के भीतर 06 पेटियों में भरी 72 बोतल विदेशी शराब पाई गई, जिसकी कुल मात्रा 54 बल्क लीटर आंकी गई,बरामद की गई शराब में महंगे और लोकप्रिय ब्रांड शामिल थे,बकार्डी ब्लैक रम, मैकडॉवेल्स नंबर 1, रॉयल स्टैग, माइलस्टोन ब्लू और ऑफिसर्स चॉइस। स्पष्ट था कि यह शराब व्यक्तिगत उपयोग नहीं बल्कि अवैध बिक्री और वितरण के लिए लाई जा रही थी,पहला शिकंजा—ड्राइवर जेल पहुंचा,मौके से वाहन चालक एहसान खान (32), निवासी अमीनगंज, वार्ड 15 बरघाट, को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) व 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वाहन सहित शराब जप्त की गई और उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया,जांच बढ़ी तो सामने आया 'बड़ा नाम'जैसे-जैसे विवेचना आगे बढ़ी, मामला साधारण परिवहन से कहीं आगे निकल गया। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आबकारी विभाग इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि पूरे अवैध कारोबार का संचालन एक केंद्रीय व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था

> **तस्करी के पीछे संगठित नेटवर्क की आशंका**
>
> आबकारी सूत्रों का कहना है कि यह मामला केवल दो आरोपियों तक सीमित नहीं है, बरामद मात्रा, ब्रांड और परिवहन के तरीके से यह संकेत मिलता है कि पूरे क्षेत्र में शराब, सप्लाई करने वाला नेटवर्क सक्रिय था, जिसके अन्य सदस्य अभी रडार पर हैं। इस कार्रवाई के बाद बरघाट और आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है, विभाग ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां संभव हैं।

### एमपी ऑनलाईन शॉप से गिरफ्तारी, शहर में सनसनी

आखिरकार आबकारी विभाग ने शराब तस्करी के मुख्य संचालक अवधेश उर्फ आशु पांडे (40), निवासी वार्ड 08, बजरंग चौक बरघाट, को बरघाट स्थित उसकी एमपी ऑनलाईन शॉप से गिरफ्तार कर लिया,कानूनी सेवाओं की दुकान से अवैध धंधे के संचालन की खबर फैलते ही नगर में सनसनी फैल गई,आरोपी को न्यायालय में पेश कर जुडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### कार्रवाई में शामिल रही अनुभवी टीम

इस महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में,प्रणय श्रीवास्तव (सहायक आबकारी अधिकारी), खुशबू प्रिया मरावी (उप निरीक्षक), लेखसिंह टेकाम, आनंद मरावी, संतराम मरावी, मुकेश अहिरवार एवं अर्चना इनवाती शामिल रहे।

### विवेचना जारी, अगला नंबर किसका?

आबकारी विभाग ने दो टूक कहा है कि यह कार्रवाई अंत नहीं, शुरुआत है,शराब तस्करी के इस पूरे खेल में शामिल हर चेहरे तक पहुंचने के लिए जांच लगातार जारी है।



# अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष का छपारा में हुआ आगमन

### भाजपा महामंत्री जयदीप सिंह चौहान के निवास में हुआ स्वागत

**छपारा नवभारत।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रघु राज किशोर तिवारी का 23 दिसम्बर दिन मंगलवार को रात्रि लगभग 9:00 बजे नगर में भाजपा के महामंत्री जयदीप सिंह चौहान के निजी निवास में आगमन हुआ जहां उनके आगमन पर आतिशबाजी कर उनका स्वागत किया गया इस दौरान उनके साथ पूर्व संभागीय संगठन मंत्री जितेंद्र लटोरिया, पूर्व संगठन मंत्री धीरज खरे, सह संगठन मंत्री सनत कोषाध्यक्ष, सतीश गुप्ता महानगर संगठन मंत्री का आगमन हुआ उक्त अवसर पर छपारा के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं और भाजपा मंडल छपारा के कार्यकर्ता नगर परिषद अध्यक्ष निशा पटेल सहित नगर कार्यकारिणी भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात की वह करीब एक घंटा जयदीप सिंह चौहान के निवास में रुके जहां उन्होंने कार्यकर्ता पदाधिकारी से मुलाकात की गई।

## एक नजर में

### ज्योति सिंह राजपूत बनी प्रदेश की सहसंयोजक



**बरघाट।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के द्वारा भारत रत्न , पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अश्विनी पराजनपे राजवाडे के द्वारा अटल स्मृति वर्ष आयोजन हेतु प्रदेश स्तरीय समिति का गठन यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी एवं प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा जी की सहमति से किया गया है। जिसमें सिवनी जिले से बरघाट नगर की श्रीमती ज्योति नरेश सिंह राजपूत को प्रदेश के सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी पराजंपे ने प्रदेश स्तरीय समिति में शामिल सभी महिला नेत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी द्वारा विविध रचनात्मक, वैचारिक एवं सामाजिक कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सभी के सहयोग से संपन्न करने में अपनी सहभागिता प्रदान करें। श्रीमती ज्योति नरेश सिंह राजपूत के अटल स्मृति आयोजन हेतु प्रदेश सहसंयोजक बनने पर भारतीय जनता पार्टी, जिलाध्यक्ष श्रीमति मीना बिसेन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, श्रीमति उर्मिला उइके, नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू, जिला मंत्री श्रीमती गोमती ठाकुर (सांसदप्रतिनिधि),महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती किरण टेमरे,महिला मोर्चा उपाध्यक्ष श्रीमती मधुबाला जायसवाल, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता भट्ट सहित अन्य महिला नेत्रियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### बैंनगंगा नदी घाट पर नगर परिषद छपारा ने किया श्रमदान




**छपारा।** नगर के बैंनगंगा नदी पुल घाट पर स्वच्छता को लेकर नगर परिषद छपारा द्वारा एक सराहनीय कदम उठाया गया जहां 24 दिसम्बर को सुबह नगर परिषद अमला द्वारा नगर के नदी घाट का बीड़ा उठाया परिषद के सफाई कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर नदी के जलस्तर नीचे उतरने पर पुल घाट की सीढ़ियों पर जमा किचड़ एवं कचरा को इकट्ठा कर नगर परिषद के कचरा वाहन ट्रैक्टर ट्राली में भरकर डंप यार्ड भेजा गया उक्त अवसर पर उपस्थित नगर परिषद छपारा सीएमओ सुश्री गीता बाल्मिकि ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बहन गंगा नदी को रखना और आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है ।

### सजनवाडा में किया गया बोरी बंधान, रोका गया पानी

**धारना कलॉ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक बरघाट में जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला जी के निर्देशन में,ब्लॉक समन्वयक महोदया श्रीमति शोभना ठाकरे जी की उपस्थिति में सेक्टर 03 के अंतर्गत नवांकुर संस्था ग्राम मंगल संस्थान पौनार कला के द्वारा ग्राम सजनवाडा के स्थानीय नदी पर बोरी बंधान कार्य किया गया।इस बोरी बंधान के कार्य से खेती की सिंचाई की जा सकेगी, साथ ही मवेशियों के लिए पानी की व्यवस्था भी उपलब्ध होगी और ग्राम के नागरिकों को दैनिक उपयोग के लिए भी पानी उपलब्ध रहेगा। इस जल संचय अभियान से जलस्तर में भी बढ़ोतरी संभव है।इस बोरी बंधान कार्य में विकासखंड समन्वयक श्रीमती शोभना ठाकरे (मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद) की उपस्थिति में एवं नवांकुर संस्था ग्राम मंगल संस्थान के प्रमुख तामसिंह राहंगडाले व ग्राम पंचायत सरपंच महोदय श्री मानसिंह सर्राटी प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष लक्ष्मीप्रसाद पटले सचिव विपतराम दांदरे ग्राम के नागरिकों के साथ ध्द्वध्सश्च परामर्शदाता नरेश उइके ,ग्राम वासियों ओर जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इस अभियान को सफल बनाया गया।



# किसान नहर से पन्नी बिछाकर खेतों में पानी ले रहे, सिंचाई विभाग मौन



**सिवनी नवभारत।** जनपद पंचायत धनोरा अंतर्गत चन्देनी के किसान नहर की समस्या से खासे परेशान हैं। किसानों ने बताया कि माईनर जिसका निर्माण डेम के साथ ही हुआ था, जिसमे लगभग 600 मीटर की लम्बाई मे जमीन से5से7फिट की ऊचाई पर मिट्टी की पुराई करके बनाई गई थी, जिससे मिट्टी बैठ चुकी है। इसी के बीच में रोड के कारण साईफन बनाया गया है जिसकी दीवारे फट गई हैं, गिरने वाली है। किसानों में भारत उइके, दशरथ उइके,नन्हू, पप्पू, महमूद खान, आबिद खान, साबिर खान,नूर मोहम्मद, सुरेन्द्र सल्लाम, सुरेश सल्लाम, पूर्व सरपंच जीवन लाल, अलीम खान, रोशनलाल, आदि ने सभी ने आरोप लगाते हुए बताया कि निर्माण से लेकर आज तक कोई काम नहीं हुआ है, जिसके कारण परेशान हैं। किसानों स्वयं के खर्च से हर वर्ष 40 से 45किलो पन्नी जर -जर नहर मे बिछाकर लगभग 3 किलोमीटर से पानी लाते है।

# कार्यपालन यंत्री के खिलाफ तीसरे दिन भी जारी रहा आंदोलन



**केवलारी नवभारत।** जल संसाधन विभाग तिलवारा बाई तट नहर संभाग केवलारी के प्रभारी कार्यपालन यंत्री प्रेम नारायण नाग के द्वारा संभाग के अंतर्गत किए जा रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ एवं कर्मचारियों के कार्यों में की जा रही लापरवाही के खिलाफ कर्मचारियों का तीसरे दिन भी संभागीय कार्यालय के समक्ष आंदोलन जारी रहा । जिसमें सैकड़ो कर्मचारी कार्यालय के समक्ष लगे पंडाल पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करते रहे परंतु प्रदर्शन स्थल पर कर्मचारियों की समस्याओं को जानने शासन प्रशासन एवं विभाग का कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा। कर्मचारियों ने दिनांक 25 .12 .2025 को आंदोलन स्थल पर कार्यालय के समक्ष पूरे दिवस भूखे रहकर थाली बजाकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने पुन: दोहराया कि बढ़े हुए वेतन के अंतर की राशि, पेट्रोलिंग भन्ता, यात्रा देयक, आवास आवंटन में हुए भ्रष्टाचार,अनावश्यक किया जा रहे पत्राचार आदि कई मांगों को लेकर हम सभी कर्मचारी आंदोलनरत हैं परंतु आंदोलन के तीन दिन व्यतीत होने उपरांत शासन प्रशासन विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी आंदोलन स्थल पर नहीं आया ।

### कर्मचारियों को धमका व गुमराह कर रहे कार्यपालन यंत्री

प्रभारी कार्यपालन यंत्री प्रेम नारायण नाग स्वयं आंदोलन स्थल पर नहीं आए परंतु उनके द्वारा यह कहा गया कि आप लोगों का वेतन भुगतान ट्रेजरी के लिए भेज दिया गया है जो की आपके खाते पर आ जाएगा परंतु कोई भी राशि कर्मचारियों के खाते में नहीं आई बल्कि उनके द्वारा एक और पत्र सामने आया जिसमें कह गया है कि पेट्रोलिंग भत्ते का प्रावधान नहीं है इससे स्पष्ट है कि कार्यपालन यंत्री नाग वरिष्ठ अधिकारियों को एवं जिला प्रशासन को गुमराह कर रहे हैं।कर्मचारियों ने मांग की है ऐसे अधिकारी पर कार्रवाई की जाए

### कृषकों के साथ हमारी सहानुभूति है

आंदोलनरत कर्मचारियों ने बताया कि हम छोटे कर्मचारी हैं हम अपनी जायज मांगों को लेकर विभाग के सामने गिड़गिड़ा रहे हैं निश्चित रूप से किसानों को पानी के लिए परेशानी हो रही होगी। हम सभी अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं की प्रदेश के अन्नदाता किसान को कोई भी परेशानी ना हो परंतु विभाग में बैठे भ्रष्ट अधिकारियों की वजह से किसान और विभागीय कर्मचारी परेशान हैं।

# जगद्गुरु शंकराचार्य की स्मृति में श्री शंकराचार्य स्मारक के निर्माण से सनातन धर्मियों में हर्ष

**सिवनी नवभारत।** भगवत्पूज्यपद धर्मसम्राट् अनंतश्री विभूषित ज्योतिष् एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी की पावन जन्मस्थली सिवनी जिला के हृदयस्थल छिंदवाड़ा चौक में विधायक दिनेश मुनमुन राय के अथक प्रयास से श्री शंकराचार्य स्तंभ निर्माणार्थ हेतु 50 लाख की राशि स्वीकृत हुयी। पूज्यपाद धर्मसम्राट् द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द जी महाराज की पावन स्मृति में श्री शंकराचार्य स्मारक स्तंभ का निर्माण से समस्त गुरुभक्तों एवं सनातनधर्मियों के अत्यंत गौरव का विषय है। श्री शंकराचार्य स्तंभ के निर्माण से अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुये धर्मवीर अजित तिवारी ने बताया कि इस स्थापना से निश्चित ही सिवनी जिले की धार्मिक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि इतिहास में अंकित होगी। यह स्तंभ निश्चित ही सिवनी को कीर्ति और यश प्रदान करेगा और सदा सनातनधर्मियों को गौरवान्वित करेगा। श्री शंकराचार्य स्तंभ के लिये निरंतर प्रयासरत् सिवनी के यशस्वी लोकप्रिय विधायक



दिनेश मुनमुन राय हम सभी गुरु परिवार की ओर से और सनातनधार्मियों की ओर से हार्दिक स्वागत करते हैं। विधायक श्री राय द्वारा किया गया यह ऐतिहासिक कार्य सदा के लिए अमिट एवं अविस्मरणीय रहेगा। मातृधाम ,गुरुधाम, सहज संतोष आश्रम सीलादेही,आध्यात्मिक उत्थान मंडल हिंगलाज सेना सहित सभी गुरुभक्तों ने विधायक दिनेश मुनमुन राय का हृदय से धन्यवाद एवं साधुवाद प्रेषित किया है। धर्मवीर अजित तिवारी ने विधायक दिनेश मुनमुन राय के द्वारा किये जाने वाले धार्मिक, सामाजिक कार्यों में सदा अग्रणी रहने की प्रशंसा करते हुये कहा कि श्री राय जी ने परमपूज्य गुरुदेव भगवान की आज्ञा से सिवनी जिले से प्रवाहित पुण्य सलिला बैनगंगा के उद्गम स्थल मुंडारा से मातृधाम होते गुरुधाम की पावन भूमि तक बम - बम भोले गंगाजल कांवड़यात्रा में अनेकों भक्तों के साथ सम्मिलित हो विशेष योगदान कर इस यात्रा जन-जन में स्थापित करने विशेष योगदान सराहनीय और सिवनी जिले के धार्मिक महत्व बढ़ाने में अत्यंत सार्थक हुआ। हम सभी पुन: शंकराचार्य स्तंभ हेतु विधायक दिनेश मुनमुन राय को बहुत बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हैं।

### कच्ची शराब के साथ महिला पकड़ाई

**सिवनी।** अरी थाना क्षेत्र के ग्राम मरारी टोला पिपरिया से पुलिस ने एक महिला को शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली की गांव में एक महिला महुआ शराब बेच रही है। बताए हुए पते पर जाकर पुलिस ने जांच किया जहां महिला पुलिस को देखते हुए भाग रही थी। पुलिस ने घेरा बंदी कर पकड़ा जिसने अपना नाम जानकी बाई (45) निवासी ग्राम मरारी टोला पिपरिया थाना अरी का होना बताई। प्लास्टिक की कुप्पी में 07 लीटर कच्ची महुआ शराब भरी जब्त की गई।

# राज्य स्तरीय बॉक्सिंग स्पर्धा का समापन, सांसद ने स्मृति चिन्ह देकर किया पत्रकारों का सम्मान

**सिवनी नवभारत।** जिले में पहली बार बालक एवं बालिका 42वीं राज्य स्तरीय सीनियर एवं यूथ पुरुष बॉक्सिंग चैंपियनशिप एवं 8वी राज्य स्तरीय सीनियर एवं यूथ महिला स्पर्धा का भव्य एवं अभूतपूर्व आयोजन का खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग द्वारा उद्घाटन किया गया 22 से 24 दिसंबर 2025 तक इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले से यूथ एवं सीनियर महिला एवं पुरुष बॉक्सिंग खिलाड़ीयों ने भाग लिया यह प्रतियोगिता जिला बॉक्सिंग संघ सिवनी, मध्यप्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग संघ ( खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश, मध्यप्रदेश ओलिंपिक संघ, भारतीय बॉक्सिंग संघ ) के द्वारा आयोजित की गई इस राज्य स्तरीय स्पर्धा की विशेष बात यह रही कि इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक



जीत चुके 12 से अधिक खिलाड़ीयों ने भी भाग लिया जिससे प्रतियोगिता का स्तर अत्यंत उच्च एवं रोमांचक रहा । प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी आगामी 30 दिसंबर 2025 से उत्तर प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे साथ ही मध्यप्रदेश ओलिंपिक संघ के सचिव एवं बॉक्सिंग संघ मध्यप्रदेश के सचिव दिग्विजय सिंह, मध्यप्रदेश बॉक्सिंग संग के टेक्निकल डायरेक्टर अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग रेफरी वीरेंद्र सिंह ठाकुर बॉक्सिंग प्रतियोगिता पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। वहीं समापन समारोह 24 दिसंबर 2025 को आयोजित किया गया जिसमें फग्गन सिंह कुलस्ते (सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री) मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए इस अवसर पर विधायक कमल मर्सकोले पूर्व विधायक नरेश दिवाकर आयोजन राजेश त्रिवेदी अध्यक्ष जिला बॉक्सिंग संघ कि गरिमामय उपस्थिति रही। प्रतियोगिता दिनांक 22 से 24 तक सुबह से रात्रि तक संचालित हुई ।

**अभियान** | पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का कॉलेज चलो अभियान हुआ शुरू


# बेहतर जीवन-कौशल, रोजगार के लिए कॉलेज शिक्षा आवश्यक

**सिवनी नवभारत।** उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को कॉलेज शिक्षा से जोड़ने के लिए मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस की टीम ने कॉलेज चलो अभियान तेजी से शुरू कर दिया है. यह टीम शहर और गांवों में जाकर जीवन में उच्च शिक्षा के लाभ और जानकारी देकर व्यापक प्रचार प्रसार कर रही है. पूरे प्रदेश में हर वर्ष उच्च शिक्षा विभाग में ई-प्रवेश प्रक्रिया के पहले कॉलेज चलो अभियान चलाया जाता है।




अभियान टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मठ मंदिर सिवनी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय उमावि, सिवनी, शासकीय उमा उर्दू विद्यालय, सिवनी, शासकीय उत्कृष्ट उमावि, सिवनी और महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय उमावि श, सिवनी का भ्रमण किया।नोडल अधिकारी डॉ मुन्ना लाल चौधरी के नेतृत्व में टीम ने स्कूलों के विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत हुए परिवर्तनों मेजर, माइनर, एमडीसी, वोकेशनल विषय, फील्ड प्रोजेक्ट, इंटर्नशिप, क्रेडिट सिस्टम, बहु आगमन और निर्गमन पद्धति के साथ साथ विद्यार्थियों को शिक्षा नीति के नवीन प्रावधानों से अवगत कराया। कॉलेज चलो अभियान दल ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उच्च शिक्षा विभाग की कैरियर योजनाओं की जानकारी दी। डॉ जैन कुमार पंचेश्वर ने विद्यार्थियों को बताया कि उच्च शिक्षा हमारे सुनहरे भविष्य का निर्माण करती है. उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग की विभिन्न हितग्राही योजनाएं जैसे पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप, आवास योजना, गांव की बेटी योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना इत्यादि से विद्यार्थियों को अवगत कराया। डॉ. संतलाल डेहरिया और डॉ. नीलेश्वरी बिसेन ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवाओं का व्यक्तित्व विकास किया जाता है। जन भागीदारी शिक्षिका नीलम कश्यप ने बताया कि स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के द्वारा विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, सेमिनार और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। अभियान के सभी विद्यालयों के प्राचार्य, स्टाफ और कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राएं उत्साह के साथ शामिल हुए

# बंद कमरे में अंगीठी जलाने से मौत का खतरा : महेश गौतम



**सिवनी।** ठण्ड के मौसम में अंगीठी जलाकर आग तापना सामान्य बात है। आपने देखा होगा कि ठण्ड के मौसम में बंद कमरे में अंगीठी जलाने से मृत्यू की अनेक घटनाएं प्रकाश में आती हैं। बन्द कमरे में अंगीठी जलाना जानलेवा हो सकता है। विज्ञान की जानकारी के अभाव में अनेक बार लोग ठण्ड के मौसम में बंद कमरे में अंगीठी जलाकर आग तापते हैं। बंद कमरे अंगीठी जलाने से कमरे में आक्सीजन की कमी होने लगती है और साथ ही कार्बन मोनोआक्साइड गैस बनने लगती है। कार्बन मोनोआक्साइड एक रंगहीन, गंधहीन, जहरीली गैस है, जो सांस के माध्यम से फेफड़ो तक पहुंच जाती है। हीमोग्लोबिन आक्सीजन को बांधकर शरीर के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचाती है। ज्ब कार्बन मोनोआक्साइड की मात्रा कमरे में बढ़ने के कारण वह फेफड़ों के माध्यम से खून में निलती है तो वह तेजी से हीमोग्लोबिन से जुड़ जाती है और कार्बोक्सी हीमोग्लोबिन बनाती है यह कार्बोक्सी हीमोग्लोबिन, आक्सीजन को हिमोग्लोबिन से नहीं जुड़ने देती और खून में आक्सीजन की मात्रा कम होने लगती है। खून में आक्सीजन की कमी से शरीर के उत्तकों की कोशिकाएं मरने लगती हैं, जो सीधे ब्रेन को असर पहुंचाता है और कमरे में सोया हुआ इंसान बेहोश हो सकता है और उसकी मृत्यू तक हो सकती है। इसके अलावा बंद कमरे में अंगीठी जलाने से आंखो में संक्रमण, सांस की बीमारी, कार्डियक एवं रेस्पिरेटरी फेलियर का खतरा, घबराहट और सिरदर्द जैसी समस्यायें भी हो सकती हैं बंद कमरे में इलेक्ट्रिक रूम हीटर चलाने से भी यही खतरा हो सकता है। इसलिए जब भी किसी कमरे में अंगीठी जलाते हैं या रूम हीटर चलाते हैं तो उस समय कमरे में हवा का प्रवाह बना रहना चाहिए।

### विधायक ने किया गौशाला का लोकार्पण

**सिवनी।** विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से नवनिर्मित श्रीराधा कृष्ण गौशाला का लोकार्पण किया गया। आज सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम व पंचायत परासिया मे नवनिर्मित श्रीराधा कृष्ण गौशाला बोडरानी परासिया का लोकार्पण विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य एवं विधी विधान से मंत्रोच्चारण के साथ आपके करकमलों से किया गया। इसके उपरांत श्रद्धा भाव से गौमाता का पूजन किया। इसके पूर्व मे विधायक दिनेश राय मुनमुन के ग्राम आगमन पर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा कलश लेकर ढोल-बाजे से भव्य आगवानी किया जाकर मंच पर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने गौमाता की जय, वन्देमातरम भारत माता का जयकारा लगाते हुए कहा कि आज का दिन हमारे क्षेत्र के लिए अत्यंत शुभ दिन है। हम केवल एक भवन का लोकार्पण नहीं कर रहे है बल्कि अपनी संस्कृति के संरक्षण और गौसेवा के संकल्प को एक नया विस्तार दे रहे हैं।